(Information Resource Centre)

Publication : **Prabhat Khabar**

Edition : **Kolkata**

Date : **26-June-08** **Page no.** : **4**

कार्टून बॉक्स उत्पादकों की हड़ताल 29 से

संवाददाता

कोलकाता: कोरुगेटेड बॉक्स या आम भाषा में कार्टून बॉक्श उत्पादकों ने 29 जून से तीन दिवसीय हड़ताल पर जाने की घोषणा की है. उत्पादकों का आरोप है कि कच्चे माल की कीमत को बढ़ गयी है. लेकिन विक्रय मूल्य नहीं बढ़ाया गया है. विक्रय मूल्य बढ़ाने के लिए फेडेरेशन ऑफ कोरुगेटेड बॉक्स मैनुफैक्चरर्स एसोसिएशन (एफसीबीएम) ने 29 जून से एक जुलाई तक तीन दिवसीय हड़ताल की घोषणा की. एसोसिएशन के क्षेत्रीय संगठन ईस्टर्न इंडिया कोरुगेटेड बॉक्स मैनुफैक्चरर्स एसोसिएशन (इआइसीबीएमए) ने आज इसकी घोषणा की. संगठन के अध्यक्ष हेमंत सरावगी ने बताया कि देश भर में कार्टून उत्पादन की 1600 ईकाइयां हैं. पूर्वी भारत में इसकी संख्या 500 से 600 है. देश भर में इसका कारोबार सालाना करीब 10 हजार करोड़ रुपये का है. पूर्वी भारत में इसका सालाना कारोबार 1000 करोड़ रुपये का है. उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र से पांच लाख लोगों की रोजी-रोटी जुड़ी है. उन्होंने बताया कि पिछले चार महीनों में प्रमुख कच्चे माल क्राप्ट पेपर की कीमतों में 25 से 30 फीसदी का इजाफा हुआ है. इसके साथ स्टार्च, श्रम, ऊर्जा, परिवहन आदि की कीमतें भी बढ़ी हैं. लेकिनइसका विक्रय मूल्य अभी तक नहीं बढ़ाया गया है. एक्सपोर्ट ड्यूटी घटाने के लिए केंद्र को कई बार चिट्ठी लिखी गयी. क्राफ्ट पेपर बेचनेवाली मिलों से भी कीमतें घटाने को कहा गया, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ.